# 10 कूड़ेदान की कहानी, अपनी जुबानी

घर, गाँव, गली, मोहल्ले की गंदगी देख लोग मुँह, भौंहें सिकोड़े निकल जाते हैं, लेकिन मैं उसी गंदगी को ढो सबको बीमारियों से बचाने का काम करता हूँ। सुनो मेरी कहानी, मेरी जुबानी।

मैं कई रंगों में मिलता हूँ। मेरे कई आकार हैं। घर, स्कूल, दफ्तर हो या सड़क, मैं सब जगह रहता हूँ। आप सोच रहे होंगे, मैं कौन हूँ ?




चीज हूँ मैं बड़े काम की, सोचो मेरा नाम,
ज्यादा नहीं हैं मेरा दाम,
आता हूँ मैं सबके काम।

अब तो समझे हाँ, मेरा नाम कूड़ेदान है। आज मैं आपको पते की बात बताता हूँ। संसार में एक मात्र मैं ही हूँ, जो अपने शरीर पर लिखकर चलता हूँ (USE ME)''मेरा प्रयोग करें।''

जब से यह धरती बनी है। तभी से मैं भी संसार में हूँ, पहले लोग पुरानी बाल्टी, डिब्बा या किसी भी टूटी हुई चीज का प्रयोग कूड़ा डालने के लिए करते थे। पर अब समय बदल गया है। अब मैं प्लास्टिक, टीन, गत्ते, लोहे व स्टील से बनाया जाने लगा हूँ। पहले तो मेरा मुँह खुला रहता था। अब तो मैंने ढक्कन लगवा लिया है। जब मेरी आवश्यकता हो, ढक्कन खोलो और मुझे प्रयोग में लाओ।







जागो लोगो! मेरी कहानी सुनकर जागो! संसार में चीजें बदलती रहती हैं। मैं भी नित्य प्रति परिवर्तन कर रहा हूँ। अब मैंने अपने भाइयों को भी काम करना सिखा दिया है। नीला व काला ये कूड़ेदान मेरे भाई हैं और मैं हूँ हरा कूड़ेदान । आप मेरे नीले भाई का उपयोग

ऐसा कूड़ा डालने के लिए कर सकते हैं, जो नष्ट नहीं होता, जैसे प्लास्टिक, लोहा आदि। काले भाई का उपयोग जीवाणु फैलाने वाली वस्तुओं को डालने के लिए होता है, जैसे– प्रयोग के बाद पट्टी ,रक्त से सनी इंजेक्शन की सुई आदि।

मेरा उपयोग आप नष्ट होने वाला कूड़ा डालने के लिए कर सकते हैं, जैसे– सब्जी व फलों के छिलके आदि।

आपको एक बात बताऊँ! जब आप मेरा प्रयोग करते हैं तो मुझे बहुत खुशी मिलती है परन्तु जब आप कूड़ा इधर–उधर फेंकते हैं तो मुझे बहुत दुख होता है। क्या आप जानते हैं कि मुझे प्रयोग में न लाकर आप तरह–तरह की बीमारियों को आमंत्रित कर रहे हैं ?

यदि आप कूड़ा इधर–उधर फेंकेंगे, तो गंदगी फैलेगी। गंदगी से हैजा, पेचिश और डेंगू जैसे भयंकर रोगों के फैलने का भय रहता है। यह सच है कि स्वास्थ्य हमारे लिए अनमोल खजाना है। कोई व्यक्ति चाहे कितना भी धनवान क्यों न हो ? यदि उसका स्वास्थ्य खराब है, तो उसके लिए सभी सुख बेकार हैं। रोगी व्यक्ति तो कोई भी कार्य ठीक तरह से नहीं कर पाता है। उसका स्वभाव भी चिड़चिड़ा हो जाता है। केवल स्वस्थ व्यक्ति ही सभी सुखों का आनंद ले पाता है। इसलिए यह ध्यान रखना कि आप कूड़ा करकट डालने के लिए अधिक से अधिक मेरा प्रयोग करें अन्यथा नुकसान आपका ही होगा।

स्वच्छता का संदेश देने, आया कूड़ेदान।
स्वच्छता का कार्य, है बड़ा महान।।

गंदगी से फैले बीमारी,
स्वच्छता की आई अब बारी।
आओ बीमारियाँ भगाएँ सारी,
जिंदगी नीरोग बनाएँ हमारी।।

**निर्देश** :— शिक्षक बालकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें तथा अपने आस—पास साफ—सफाई रखने के लिए प्रेरित करें।

## अभ्यास—कार्य

### शब्द—अर्थ

| | | |
|---|---|---|
| **आवश्यकता** | — | जरूरत |
| **इस्तेमाल** | — | प्रयोग, उपयोग |
| **आमंत्रित** | — | बुलाया गया |
| **परिवर्तन** | — | बदलाव |
| **नित्य** | — | रोज़ |
| **भय** | — | डर |
| **अनमोल** | — | जिसका मूल्य न आँका जा सके |
| **आनंद** | — | मजा़ |

### उच्चारण के लिए

भौंहें, दफ्तर, बाल्टी, प्लास्टिक, स्टील, परिवर्तन, इस्तेमाल, नुकसान, अन्यथा, स्वभाव, बीमारियाँ, आमंत्रित, चिड़चिड़ा, जुड़वाँ।

### सोचें और बताएँ

1. कूड़ेदान किसे कहते हैं ?
2. कूड़ेदान कितने प्रकार के होते हैं ?
3. कूड़ेदान के जुड़वाँ भाइयों के नाम बताइए ?
4. रोगी व्यक्ति का स्वभाव कैसा होता है ?

### लिखें

1. सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखें

(अ) कूड़ेदान के शरीर पर क्या लिखा होना चाहिए ?

(क) मेरा प्रयोग करें (ख) मुझसे दूर रहें

(ग) मेरा प्रयोग न करे (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

(ब) कूड़ेदान को प्रसन्नता होती है–

(क) उसका प्रयोग करने पर (ख) उसको तोड़ने पर

(ग) उसका प्रयोग न करने पर (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–

(अ) गंदगी .................... बीमारियों के फैलने का डर रहता है ?

(ब) मैं बहुत ...................... की चीज हूँ।

(स) मैं कई ............. में मिलता हूँ।

(द) कूड़ा डालने के लिए ................. का भी प्रयोग करते थे।

3. पूर्व में लोग कचरा डालने के लिए किन–किन साधनों का प्रयोग करते थे ?

4. काले रंग के कूड़ेदान में कैसा कचरा डाला जाता है ?

5. गंदगी फैलाने के क्या परिणाम होते हैं ?

## भाषा की बात

- पाठ में आए ''हरा कूड़ेदान'' वाक्यांश में ''हरा'' शब्द कूड़ेदान की विशेषता बता रहा है, जिन शब्दों से किसी संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता का बोध हो, उसे विशेषण कहते हैं।
- इसी प्रकार नीचे बनी सारणी में दिए गए वाक्यांशों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखें–

| क्र. सं. | वाक्यांश | विशेषण शब्द |
|---|---|---|
| 1 | पुरानी बाल्टी | |
| 2 | काला भाई | |
| 3 | सूखा कचरा | |
| 4 | मीठा फल | |

- नीचे दिए वाक्यों में आए सर्वनाम शब्दों पर घेरा ◯ लगाएँ।
    - (अ) उसका स्वभाव भी चिड़चिड़ा होता है।
    - (ब) यदि आप कूड़ा इधर–उधर फेंकेंगे तो गंदगी फैलेगी।
    - (स) स्वास्थ्य हमारे लिए अनमोल खजाना है।
    - (द) मैं कई रंगों में मिलता हूँ।
- निम्नलिखित शब्दों में से पयार्यवाची शब्द छाँटकर घेरा ◯ लगाएँ।

| | |
|---|---|
| पुराना | नवीन, नया, प्राचीन |
| सुख | दुख, दुखी, आनंद |
| स्वस्थ | बीमार, अस्वस्थ, नीरोगी |

## यह भी करें

- फल–फूल के छिलके, सूखा कचरा, इन्जेक्शन, सब्जियों के छिलके, काँच के टुकड़े, लोहे के टुकड़े। उक्त कचरे को नीचे दी गई सारणी में उचित स्थान पर लिखो ।

| काले रंग का कूड़ेदान | नीले रंग का कूड़ेदान | पीले रंग का कूड़ेदान |
|---|---|---|
| | | |

•चित्र को देखकर साथियों से परस्पर चर्चा करें एवं पाँच–पाँच वाक्य लिखें–




पॉलीथीन प्रकृति के लिए हानिकारक है। पॉलीथीन डी–कंपोज नहीं होता इसलिए हम कागज या कपड़े के बने थैले ही प्रयोग में ले। पॉलीथीन जलाने से प्रदूषण फैलता है।